# उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन - अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज



गोरखपुर। अग्रणी एनबीएफसी एमएफआई, अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज, एक एनजीओ के साथ मिलकर दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच उत्तर प्रदेश के 20 स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य पिछड़े वर्ग पर रहने वालो के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, जहां गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच सीमित है। इस पहल के तहत अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे महाराजगंज, कुशीनगर, मऊ, बांदा, बलिया, गोरखपुर, सीतापुर, कानपुर नगर, सुल्तानपुर, गोंडा, शाहजहांपुर, बहराइच, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, ज्योतिबा फुले नगर और बिजनौर जैसे जिलों में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई जांच आदि जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिन व्यक्तियों में सामान्य बीमारियां पाई जाएंगी, उन्हें आवश्यक दवाइयां दी जाएंगी, जबकि विशेष उपचार की आवश्यकता वाले मरीजों को जिला सरकारी अस्पतालों में भेजा जाएगा।